शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

गुरुवार 12 फरवरी 2026 E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 287 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan



@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली पुलिस को एएसआई को 10 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा

नईदिल्ली। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) को 10 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी अधिकारी पर केस दर्ज न करने के बदले ज25 लाख की मांग करने का आरोप है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी एएसआई सीआर पार्क थाने में तैनात था। शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को सीबीआई ने मामला दर्ज किया।

### लापता लोगों के बढ़ते मामलों पर हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

नईदिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में लापता लोगों के मामलों की जांच और हैंडलिंग पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो से जवाब मांगा है। यह निर्देश बुधवार को सुनवाई के दौरान दिए गए। कोर्ट ने पूछा कि क्या लापता लोगों के मुद्दे पर कोई समान मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

### गोवा एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट को मंजूरी

गोवा। निर्वाचन आयोग ने गोवा में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद वोटर लिस्ट को मंजूर कर लिया है। इसके लिए क्वालीफाइंग डेट 1 जनवरी तय की गई थी। आयोग ने गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मांग को सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद स्वीकार कर लिया। संशोधित फाइनल वोटर लिस्ट 21 फरवरी को पब्लिश होगी।

### केजरीवाल के वकील बोले- चार्ज फ्रेम करने लायक कोई सबूत नहीं

नईदिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल समेत सभी आरोपियों ने राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्ज फ्रेमिंग पर दलीलें पूरी कीं। केजरीवाल की तरफ से सीनियर एडवोकेट एन हरिहरन ने कहा कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है इसलिए चार्ज फ्रेम नहीं किए जा सकते। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने दलीलें सुनीं।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# एमपी के हर किसान परिवार पर 74,420 का कर्ज

## आंध्र का हर किसान 2.45 लाख का कर्जदार, नागालैंड के किसान पर मात्र 1750 का लोन

राष्ट्रबाण भोपाल | एजेंसी rashtrabaan.in

**देश** के अन्नदाता की आर्थिक स्थिति पर संसद में पेश की गई ताजा रिपोर्ट में मध्य प्रदेश के किसानों की मिली-जुली तस्वीर सामने आई है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश के प्रति कृषक परिवार पर औसत बकाया ऋण 74,420 है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत (74,121) के लगभग बराबर है, लेकिन दक्षिण भारत और पड़ोसी राज्य राजस्थान के मुकाबले यहां के किसान कम कर्जदार हैं।

टीएमसी सांसद कालिपद सरेन खेरवाल के सवाल के जवाब में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो मध्य प्रदेश में किसानों की स्थिति कर्ज के मामले में कई राज्यों से बेहतर है। जहां पड़ोसी राज्य राजस्थान में प्रति किसान परिवार कर्ज का बोझ 1,13,865 है, वहीं मध्य प्रदेश में यह 74,420 पर टिका है। हालांकि, छोटे राज्यों जैसे छत्तीसगढ़ (21,443) की तुलना में एमपी के किसानों पर कर्ज का दबाव अधिक है।



### केसीसी का कर्ज 10 लाख करोड़ के पार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में बताया कि 30 सितंबर 2025 की स्थिति के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड के तहत बकाया धनराशि 10.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया कि 1 फरवरी 2026 तक का एकदम सटीक डेटा उपलब्ध नहीं है, क्योंकि पिछला बड़ा सर्वेक्षण (एनएसएस 77वां दौरा) साल 2019 में ही किया गया था।

### दक्षिण के राज्यों के किसान सबसे ज्यादा कर्जदार

आंकड़ों के मुताबिक, भारत में प्रति कृषक परिवार पर औसत बकाया ऋण 74,121 है। चौंकाने वाली बात यह है कि दक्षिण भारतीय राज्यों के किसान कर्ज के मामले में उत्तर भारत के मुकाबले कहीं आगे हैं।

### एमपी सरकार की रणनीति: 'किसान कल्याण वर्ष' और जीरो ब्याज योजना

बढ़ते कर्ज और खेती की लागत को देखते हुए मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' घोषित किया है। सरकार की ओर से किसानों को राहत देने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं।

**ब्याज मुक्त ऋण :** प्रदेश में किसानों को जून 2026 तक 0% ब्याज पर फसल ऋण मिलता रहेगा। समय पर कर्ज चुकाने वाले किसानों को 4% अतिरिक्त ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा।

**डिफॉल्टरों को राहत :** सरकार ने सहकारी बैंकों के उन किसानों को फिर से मुख्यधारा में लाने की योजना बनाई है जो कर्ज के कारण डिफॉल्टर हो गए थे।

**सिंचाई विस्तार :** नर्मदा-क्षिप्रा और अन्य नदी जोड़ो परियोजनाओं के जरिए प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य है, ताकि खेती को लाभकारी बनाया जा सके।

### एमपी में भी बढ़ रहा किसान क्रेडिट कार्ड का दायरा

किसान क्रेडिट कार्ड कर्ज का सबसे बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। मध्य प्रदेश में भी ग्रामीण बैंकों और सहकारी समितियों के माध्यम से केसीसी का वितरण तेजी से हुआ है। सरकार का कहना है कि यह कर्ज किसानों की निवेश क्षमता बढ़ाता है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि फसलों के उचित दाम और प्राकृतिक आपदाओं के कारण यह कर्ज किसानों के लिए बोझ बन जाता है।

# लोकसभा में रिजिजू बोले-पीएम पर आरोप लगाया, सबूत दें

## राहुल ने कहा- अभी दे रहा, स्पीकर ने रोका; नेता विपक्ष के खिलाफ नोटिस देगी सरकार

राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बजट सत्र के दौरान भाषण दिया। राहुल ने एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। राहुल ने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है। इसके जरिए भाजपा का फाइनेंसियल स्ट्रक्चर टूटेगा।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को तुरंत टोका। उन्होंने कहा- आपने जो भी कहा है उसे साबित करिए, नहीं तो आपकी बात सदन के रिकॉर्ड पर नहीं जानी चाहिए।

इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं। हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। उन्होंने कहा- मैंने तो सबूत मांगा ही नहीं है। आप बोलते रहिए। बाद में साबित कर दीजिएगा। वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे। इसपर राहुल गांधी को जवाब देना होगा। रिजिजू ने कहा कि राहुल को 5 बजे वित्त मंत्री का जवाब जरूर सुनना चाहिए।

### राहुल गांधी के भाषण की 5 खास बातें...

- आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है। आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे. हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे।
- दुनिया में जियोपॉलिटिकल टकराव बढ़ रहा है। यह युद्ध का दौर है। गाजा, यूक्रेन को देख लीजिए। ऑपरेशन सिंदूर भी चल रहा है। भारत की सभी ड्डक्ष कंपनियां संघर्ष कर रही हैं।
- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था।
- अमेरिका और चीन की नजर भारत के डेटा पर है। ड्ड के दौर में डेटा पेट्रोल की तरह है। हमारी सरकार ने बजट में डेटा पर विदेशी कंपनियों को 20 साल का टैक्स हॉलीडे दे दिया है।
- अगर हम अमेरिका से डील करते तो ट्रम्प से कहते कि आप भारतीयों के डेटा चाहते हैं तो बराबरी पर बात होगी। हम आपके नौकर नहीं हैं।



### निर्मला सीतारमण बोलीं- अभिषेक बनर्जी ने जीएसटी पर झूट बोला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- अभिषेक बनर्जी की स्पीच पर मुझे दुख हुआ। उन्होंने जनकारी तोड़ मोरड़कर पेश की। जीएसटी पर उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मरने तक लोग जीएसटी दे रहे हैं। कहां से ला रहे हैं ये बातें। दूध के ऊपर कब जीएसटी लगा, पढ़ाई पर कब लगा। अब तो रिफॉर्म में और सुधार किया है।

# जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

## सभी 6 पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई; सिनेमाघरों को छूट





राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**केंद्र** सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है। । यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा।

### राष्ट्रपति के आगमन और झंडारोहण जैसे कार्यक्रमों में गाया जाएगा

नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले गैर-औपचारिक लेकिन जरूरी कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते इसे पूरा सम्मान और शिष्टाचार के साथ पेश किया जाए। 10 पेजों के आदेश में, सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वन्दे मातरम बजाया जाएगा।

# सरकार बोली-वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट में कहा- उनकी जेल में 24 बार जांच हुई, वे पूरी तरह फिट

राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**सोनम** वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था।

इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था, जिसका इलाज किया गया है।

मेहता ने कहा कि इस तरह की समस्या को अपवाद मानकर उन्हें रिहा किया गया तो आगे अन्य लोग भी इस तरह की मांग करेंग। उन्होंने कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया था, वे अभी भी कायम हैं।

# अब रूस नहीं, अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदेगा भारत, डील के बाद फैसला

## दावा- सरकारी कंपनियों को अमेरिकी क्रूड लेने को कहा

राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**भारत** सरकार ने देश की सरकारी तेल रिफाइनरी कंपनियों से कहा है कि वे अब अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने पर विचार करें। अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अमेरिका के साथ हुई हालिया ट्रेड डील के बाद भारत सरकार ने यह अनुरोध किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रेड डील के ऐलान के दौरान कहा था कि भारत ने रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद करने का वादा किया है।

### प्राइवेट डील के जरिए क्रूड मंगाने की तैयारी



सरकार ने कंपनियों से कहा है कि जब भी टेंडर के जरिए स्पॉट मार्केट से तेल खरीदें, तो अमेरिकी तेल को प्राथमिकता दें। सरकार ने वेनेजुएला के कच्चे तेल को लेकर भी ऐसा अनुरोध किया है। हालांकि वेनेजुएला का तेल व्यापारियों के साथ प्राइवेट बातचीत से मंगाया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री पुरी बोले- एपस्टीन से 3-4 प्रोफेशनल मीटिंग हुई, आरोप बेबुनियाद

राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**केंद्रीय** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि वह यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन या चार बार मिले थे। यह बातचीत पूरी तरह से प्रोफेशनल थी, जो इंडिपेंडेंट कमीशन ऑन मल्टीलेटरलिज्म और दूसरे इंटरनेशनल कामों से जुड़ी थी।

पुरी ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में एपस्टीन विवाद में उनका नाम लेने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एपस्टीन के आपराधिक मामलों से अपना कोई संबंध होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। पुरी ने कहा,



जब मैंने मई 2009 से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला था, तब से लेकर 2017 में मंत्री बनने तक की अवधि के 30 लाख ईमेल जारी किए गए हैं। इस दौरान, केवल तीन या चार बैठकों का ही जिक्र मिलता है और मेरी बातचीत पूरी तरह से पेशेवर थी।

दरअसल, राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में एपस्टीन फाइल्स को लेकर पुरी का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था।

पुरी ने यह भी बताया कि वे लिंक्डइन के संस्थापक रीड हॉफमैन से भी मिले थे, लेकिन यह मुलाकात भारत में इंटरनेट और कारोबार के अवसरों पर पेशेवर चर्चा के लिए थी। पुरी ने साफ कहा कि इन मुलाकातों का किसी भी तरह की गलत गतिविधि से कोई लेना-देना नहीं था।

## मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका; साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया

राष्ट्रबाण इस्लामाबाद | एजेंसी rashtrabaan.in

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया।

उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया।

आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

### आसिफ बोले- पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा



आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है।

### आसिफ बोले- जंग को सही ठहराने के लिए एजुकेशन सिस्टम में बदलाव किए

आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं।

# ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट, भवन निर्माण तकनीक पर वर्कशॉप

## सीएम मोहन करेंगे शुभारंभ, मंत्री राकेश सिंह की मौजूदगी में होंगे एमओयू

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in



लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाने वाले भवनों में ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट लागू करने, भवन निर्माण की तकनीक के उपयोग, क्वालिटी कंट्रोल और निर्माण क्षेत्र में नवाचार को लेकर कार्यशाला का आयोजन कल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इसका शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह और विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान परियोजना प्रबंधन प्रणाली पोर्टलङ्क2.0 की शुरुआत की जाएगी। जिसमें हर परियोजना के लिए उत्तरदायी, जवाबदेह, समय-सीमा प्रणाली के माध्यम से संबंधित अधिकारी का ब्यौरा रहेगा। साथ ही सक्षम स्वीकृतकर्ता अधिकारी तथा तय काम पूरा करने की समय-सीमा भी पता होती है, जिससे अधिकारियों की निगरानी एवं जवाबदेही तय होती है। इस प्रोसेस में रिकार्ड एवं स्वीकृतियां पूर्ण होने के बाद ही अगले चरण की अनुमति दी जाती है। गुरुवार को राजधानी के रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम की ओर से एक दिवसीय बिल्डिंग कैपिसिटी वर्कशॉप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में यह कार्यशाला निर्माण क्षेत्र से जुड़े अभियंताओं एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के 2000 इंजीनियर एवं तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कैलेंडर एवं परियोजना प्रबंधन पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा तथा परियोजना प्रबंधन प्रणाली-2.0 डिजिटल प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ होगा।

### मंत्री की मौजूदगी में एमओयू भी साइन होंगे

मंत्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थाओं केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी, इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई तथा स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ क्षमता निर्माण, हरित भवन अवधारणा, आधुनिक भवन निर्माण तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण तथा निर्माण क्षेत्र में नवाचार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही विक्रांत सिंह तोमर द्वारा क्षमता निर्माण विषय पर विशेष व्याख्यान दिया जाएगा। बताया गया कि मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा विकसित परियोजना प्रबंधन प्रणाली पोर्टलङ्क2.0 एक उन्नत डिजिटल प्रबंधन प्रणाली है। इससे निर्माण कार्यों का सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं दक्ष क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस सिस्टम में हर परियोजना के लिए उत्तरदायी, जवाबदेह, समय-सीमा प्रणाली के माध्यम से संबंधित अधिकारी, सक्षम स्वीकृतकर्ता तथा निर्धारित समय-सीमा स्पष्ट रूप से दर्ज रहती है, जिससे सतत निगरानी एवं जवाबदेही तय होती है। प्रक्रिया नियंत्रण द्वार प्रणाली के अंतर्गत आवश्यक कार्य, अभिलेख एवं स्वीकृतियां पूर्ण होने के पश्चात ही अगले चरण की अनुमति प्रदान की जाती है। मानक कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य निष्पादन से सभी परियोजनाओं में एकरूपता एवं प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित होती है, वहीं स्वचालित पत्र निर्माण सुविधा से विभागीय पत्राचार त्वरित, पारदर्शी एवं कागजरहित बनता है।

# भोपाल में प्रोफेसर ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड किया

## लिखा- बीमारी से परेशान हूं...इसलिए जीना नहीं चाहता, सभी को बहुत प्यार करता हूं

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के रातीबड़ इलाके में रहने वाले प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह परिजनों ने बॉडी देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के कमरे से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने बीमारी के चलते जान देने की बात लिखी है। हालांकि परिजनों ने उसे किसी भी तरह की गंभीर बीमारी होने से इनकार किया है। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है। एसआई गब्बर सिंह के मुताबिक 32 वर्षीय शैलेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र महेंद्र सिंह ठाकुर गोल्डन सिटी रातीबड़ में किराए से रहते थे। वह मूल रूप से सीहोर जिले के आष्टा स्थित गोपालपुर गांव के रहने वाले थे।

### छह माह से किराए से रह रहा था

बीते 6 महीने से भोपाल में किराए का कमरा लेकर रहते थे और रातीबड़ के ही प्राइवेट कॉलेज में बतौर प्रोफेसर जॉब कर रहे थे। उनके भाई ने पुलिस को बताया कि शैलेंद्र को किसी तरह की गंभीर बीमारी नहीं थी।

### जल्द हो जाता था मौसमी बीमारियों का शिकार

बीते कुछ समय से उसे सर्दी और जुकाम जल्दी हो जाया करता था। इसके बाद होने वाली कमजोरी से वह परेशान रहता था। एसआई ने बताया कि शैलेंद्र के कमरे से मिले सुसाइड नोट में उसने लिखा कि बीमारी से तंग हूं...इसलिए जीना नहीं चाहता। सभी को बहुत प्यार करता हूं। अपना ध्यान रखें और स्वस्थ्य रहें। पुलिस के मुताबिक शैलेंद्र की पत्नी को बच्चेदानी का कैंसर है। जिसका इलाज बीते एक साल से चल रहा है। फिलहाल पत्नी अपने गोपालपुर स्थित मायके में रह रही है।

# भोपाल के अयोध्या बायपास चौड़ीकरण में टूटेगी झुग्गियां

## परिवारों को प्रशासन के नोटिस; मांग- बिना विस्थापन किए नहीं हटाया जाए

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के अयोध्या बायपास को 10 लेन में बदला जा रहा है। इस परियोजना में कई दुकानें, मकान, धार्मिक स्थल और सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं, जिन्हें हटाया जा रहा है। केसर बस्ती में भी करीब 90 झुग्गियों को हटाने की तैयारी है। प्रशासन ने परिवारों को नोटिस दिए हैं, लेकिन विस्थापन की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में मांग उठ रही है कि बिना पुनर्वास के परिवारों को न हटाया जाए। नेशनल हाईवे-146 पर आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबी 10 लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसी दौरान आनंद नगर में एक फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा। इसके लिए सड़क किनारे की 146 दुकानें हटाई जा चुकी हैं। साथ ही तीन धार्मिक स्थलों, एक वार्ड कार्यालय और एक पुलिस चौकी को शिफ्ट किया जा रहा है।



### केसर बस्ती में झुग्गियां हटाने की तैयारी

सड़क चौड़ीकरण के लिए अब केसर बस्ती की झुग्गियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यहां करीब 90 परिवार रह रहे हैं। कांग्रेस नेता रविंद्र साहू झूमरवाला, मोहित सक्सेना और रीतेश सोनी सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रविंद्र साहू ने कहा कि ये परिवार लगभग 50 वर्षों से यहां रह रहे हैं। विकास जरूरी है, लेकिन गरीबों को बेघर कर यह कार्य नहीं होना चाहिए।

### उचित मुआवजा और पुनर्वास की मांग

प्रशासन के नोटिस के बाद परिवार चिंतित हैं। उनका कहना है कि न तो उचित मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। प्रभावित परिवारों ने पहले पुनर्वास और मुआवजा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# मंत्रियों के यात्रा भत्ता का पेमेंट अब चेक से नहीं

## नए वित्त नियम लागू, ई चेक से ही होंगे भुगतान, फाइनेंस की परमिशन पर ही नए बैंक खाते खुलेंगे

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in



मोहन सरकार के मंत्रियों को मिलने वाले यात्रा भत्ते के भुगतान के लिए अब चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वित्त विभाग ने नए नियम जारी करते हुए कहा है कि ई चेक से ही यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त विभाग के नए नियमों में यह व्यवस्था भी लागू कर दी गई है कि किसी भी विभाग का नया खाता वित्त की परमिशन के बगैर नहीं खुलेगा। पांच साल तक अगर किसी खाते में लेन देन नहीं हुआ है तो इसे बंद करने का फैसला भी वित्त विभाग ही लेगा। साथ ही किसी खाते में राशि जमा होने पर ब्याज लेना है या नहीं लेना है, इसका फैसला भी वित्त विभाग ही करेगा। वित्त विभाग ने कोषालय नियम 2020 में बदलाव कर नए नियम लागू कर दिए हैं। इसमें साफ किया गया है कि यात्रा भत्ता का भुगतान ई चेक से होगा, चाहे वह भुगतान शासकीय सेवकों से संबंधित हो या मंत्रियों को किया जाने वाला यात्रा भत्ता भुगतान से जुड़ा मामला हो, फिजिकल चेक नहीं स्वीकार किए जाएंगे। पहले यह भुगतान फॉर्म-23 भरकर किया जाता था, जिसमें चेक के जरिए राशि दी जाती थी। नियमों में संशोधन के बाद अब पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान ई-हस्ताक्षर के माध्यम से किया जाएगा।

### सिक्योरिटी जमा के लिए अब ये दस्तावेज मान्य

वित्त नियमों में कहा गया है कि सरकार को नुकसान से बचाने के लिए सिक्योरिटी की रमक अब सावधि जमा रसीद, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, वित्त विभाग द्वारा निर्धारित अन्य प्रपत्र के जरिये ली जा सकेगी। इन दस्तावेजों को स्वीकार करने से पहले कोषालय अधिकारी द्वारा पुष्टि की जाएगी।

### 5 साल तक लेन-देन नहीं हुआ तो खाता बंद

कोषालय नियमों में कहा गया है कि अगर व्यक्तिगत जमा खाते जिनका स्त्रोत संचित निधि है, उनमें पांच साल तक कोई लेन-देन नहीं होता है तो वित्त विभाग ऐसे खातों को बंद करने के लिए समीक्षा करेगा। फाइनेंस के फैसले के बाद खाते बंद करने के निर्देश दिए जाएंगे और इसके बाद भी अगर बंद नहीं किए गए तो फिर समीक्षा की जाएगी। सहायक नियम 321 के उपनियम (1) के स्थान पर किए गए बदलाव में कहा गया है कि जेल अधिकारियों द्वारा कैदियों से संबंधित चलाए जा रहे खाते तथा भूमि अर्जन के भुगतान के लिए खोले गए खाते पांच साल बाद भी बंद नहीं किए जाएंगे।

### ब्याज जमा करने का फैसला वित्त विभाग करेगा

नियमों में किए गए बदलाव में यह भी कहा गया है कि शासन द्वारा राज्य के संस्थानों, स्थानीय निकायों को अनुदान और अन्य वित्तीय सहायता दी जाती है। ऐसे संस्थानों का नजदीकी कोषालय में व्यक्तिगत खाता खोला जाएगा तथा शासन द्वारा दी जाने वाली राशि इन खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इन जमा खातों में संस्थाओं की उपयोग में न आने वाली अधिशेष राशि जमा की जा सकेगी। इन खातों में ब्याज दिया जाएगा या नहीं, इसका फैसला वित्त विभाग करेगा। ब्याज दिए जाने की स्थिति में ब्याज दर की गणना वित्त विभाग करेगा।

### फाइनेंस की परमिशन के बगैर नहीं खुलेगा कोई नया खाता

नियमों में यह प्रावधान भी किया गया है कि कोई भी बैंक खाता वित्त विभाग की परमिशन के बिना नहीं खोला जाएगा। हर आहरण अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि पदनाम से खोले गए केवल उन्हीं बैंक खातों में रकम ट्रांसफर की जाए जिसे वित्त विभाग ने परमिट किया है। अगर कार्यालय प्रमुख या आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा वित्त विभाग की परमिशन के बगैर खाता संचालित पाया जाएगा तो इसे बंद करके तुरंत ही वित्त विभाग को सूचना देना होगी। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारी पर जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। स्थानीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत जमा खाते समीप के कोषालय में खोले जाकर वहां राशि सायबर कोषालय के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जा सकेगी। इन्हें भी ब्याज देने का फैसला वित्त विभाग ही लेगा। नए खाते खोलने के लिए विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रशासकीय विभाग द्वारा वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजे जाएंगे। कोषालय अधिकारी द्वारा सभी व्यक्तिगत जमा खातों का परीक्षण किया जाएगा और नियमानुसार बंद किए जाने योग्य खातों में जमा राशि को बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। सभी प्रशासक और कोषालय अधिकारी यह जांच करेंगे कि संचित निधि से पोषित व्यक्तिगत जमा खाता खोलने की परमिशन वित्त विभाग ने दी है या नहीं दी है।

# नटराज की छाया में सजेगा 52वां खजुराहो नृत्य समारोह

## 20 से 26 फरवरी तक शास्त्रीय नृत्य की गूंज

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in




यूनेस्को विश्व धरोहर मंदिरों की पावन पृष्ठभूमि में 52वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 फरवरी 2026 तक कंदरिया महादेव और जगदंबा मंदिर परिसर में आयोजित होगा। बसंत ऋतु के आगमन के साथ मंदिर प्रांगण एक बार फिर तबले की थाप और घुंघरुओं की झंकार से गुंजायमान होगा। संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग और उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन छतरपुर के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। सात दिनों तक देश के प्रतिष्ठित और उदीयमान नृत्य कलाकार शास्त्रीय नृत्य की विविध परंपराओं को मंच पर साकार करेंगे।

### 'नटराज' रहेगी इस वर्ष की केंद्रीय थीम

इस वर्ष समारोह की थीम 'नटराज' निर्धारित की गई है। संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव के अनुसार यह थीम सृजन, लय और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, जो आयोजन को दार्शनिक और आध्यात्मिक गहराई प्रदान करेगी। समारोह में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी, सत्रिया और छाऊ जैसी शास्त्रीय शैलियों की प्रस्तुतियां होंगी।

### पहली बार सांस्कृतिक रैली और खजुराहो कार्निवाल

इस बार समारोह की शुरुआत 20 फरवरी को सांस्कृतिक रैली से होगी, जिसमें विभिन्न नृत्य शैलियों के कलाकार शहर के मार्गों से होते हुए मुख्य मंच तक पहुंचेंगे। इसके साथ ही शिल्पग्राम में पहली बार 'खजुराहो कार्निवाल' आयोजित होगा, जिसमें 10 राज्यों के लोक कलाकार भाग लेंगे। लोकनृत्य प्रस्तुतियों के साथ शास्त्रीय और उप-शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता भी होगी। समारोह में 'नटराज' केंद्रित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 'लयशाला' में देश के विख्यात गुरु नृत्य की तकनीक, भाव और प्रस्तुति पर संवाद करेंगे।

# भोपाल में ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के आनंद नगर में मंगलवार रात 11.30 बजे एक आयसर ट्रक ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी चालक ट्रक सहित फरार हो गया है। पिपलानी पुलिस के मुताबिक प्रवेश जाटव (30) निवासी आनंद नगर के पास में स्थित एक टैंट हाउस में नौकरी करता था। मंगलवार रात वह काम से घर लौट रहा था। तभी आनंद नगर रायसेन रोड पर उसे एक आयसर ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### तीन साल से भोपाल में रह रहा था

प्रवेश दो मासूम बेटा और बेटी का पिता था। रोजगार के लिए वह बीते तीन सालों से भोपाल में रह रहा था। वह मूल रूप से रायसेन जिले के सुल्तानपुर का रहने वाला था।

## एचएलएल के साथ 10 साल का एमओयू, जांच के इंतजार से मिलेगी राहत

# अब बीएमएचआरसी में भी मिलेगी सीटी स्कैन की सुविधा

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in



अब भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में भी जल्द सिटी स्कैन जांच की सुविधा शुरू होने जा रही है। लंबे समय से सिटी स्कैन जांच के लिए सरकारी अस्पतालों में मरीजों को महीनों इंतजार करना पड़ रहा था, खासकर एम्स भोपाल में यह इंतजार 4 से 6 महीने तक का हो गया था। इसी समस्या को देखते हुए बीएमएचआरसी ने भारत सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ 10 साल का एमओयू किया है। इसके तहत अस्पताल में आधुनिक सिटी स्कैन मशीन और तीन नई डिजिटल एक्स-रे मशीनें लगाई जाएंगी।

### इमरजेंसी में भी मिलेगी तुरंत जांच और रिपोर्ट

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत इमरजेंसी मामलों में भी मरीजों की जांच तुरंत की जा सकेगी और रिपोर्ट भी समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे गंभीर मरीजों के इलाज में होने वाली देरी कम होगी और डॉक्टरों को सही समय पर सटीक जानकारी मिल सकेगी, जिससे उपचार बेहतर हो पाएगा।

### भोपाल का चौथा सरकारी अस्पताल

बीएमएचआरसी में सिटी स्कैन सेवा शुरू होने के बाद भोपाल में यह चौथा सरकारी अस्पताल होगा, जहां मरीजों को यह जांच सुविधा मिलेगी। इससे न सिर्फ बीएमएचआरसी बल्कि आसपास के इलाकों के मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी। अभी मरीजों की सिटी स्कैन जांच निजी केंद्रों से कराई जा रही है। इसकी वजह है कि बीएमएचआरसी में सिटी स्कैन मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है। मरीजों की जांच निजी सेंटर से होने पर समय और संसाधनों दोनों की दिक्कत होती थी। अब एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ हुए एमओयू के बाद अस्पताल परिसर में ही नई और आधुनिक सिटी स्कैन मशीन स्थापित की जाएगी।

### एचएलएल के साथ 10 साल का अनुबंध

बीएमएचआरसी ने अपनी रेडियोलॉजी और इमेजिंग सेवाओं को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ 10 वर्ष की अवधि का अनुबंध किया है। इस अनुबंध के तहत न केवल सिटी स्कैन बल्कि एमआरआई और अन्य रेडियोलॉजी सेवाओं का संचालन, रखरखाव और संपूर्ण प्रबंधन भी एचएलएल द्वारा किया जाएगा।

### रेडियोलॉजी सेवाएं होंगी और मजबूत

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अस्पताल में स्थापित सभी प्रमुख रेडियोलॉजी मशीनों का संचालन एचएलएल द्वारा किया जाएगा। कंपनी की ओर से एक रेडियोलॉजिस्ट और आवश्यक तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। इससे सिटी स्कैन, एमआरआई और अन्य जांचों की वेटिंग लिस्ट कम होगी और मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल सकेगी।

# सट्टा कारोबार फिर उठा पैर, लालच के जाल में फंस रहे युवा

## कर्ज, तनाव और आत्महत्या तक का खौफ

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शहर में एक बार फिर अवैध सट्टा कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। गलियों से लेकर प्रमुख बाजारों तक गुपचुप तरीके से चल रहा यह अंक खेल युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। कम समय में अधिक धन कमाने का झांसा देकर उन्हें इस जाल में फंसाया जा रहा है जिसका असर अब कई परिवारों की आर्थिक स्थिति पर साफ दिखाई देने लगा है। प्रशासन के लिए यह बढ़ती चुनौती बनती जा रही है। जानकारों की माने तो शहर और आसपास के क्षेत्रों में सट्टा संचालक सक्रिय रूप से नेटवर्क फैलाए हुए हैं। कुछ स्थानों पर खुलेआम पर्ची काटी जा रही है तो कहीं मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिए दांव लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का




कहना है कि सट्टा संचालक युवाओं को पहले छोटी रकम जितवाकर भरोसा जीतते हैं फिर बड़े दांव के लिए प्रेरित करते हैं। लेकिन अधिकांश मामलों में फायदा संचालकों को ही होता है और खिलाड़ी घाटे में चले जाते हैं।

### सट्टा संचालक और उनके ठिकाने

सूत्रों की माने सोहागपुर थाना क्षेत्र में कुछ नामचीन सट्टा संचालक सक्रिय बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि पप्पू गढ़ी सोहागपुर क्षेत्र में अपना नेटवर्क संचालित कर रहा है जबकि ललन अपने गांव और आसपास के इलाकों में दांव लगवा रहा है। वहीं लाला और रावेंद्र का नाम पुलिस लाइन क्षेत्र में सट्टा संचालन को लेकर सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन लोगों के माध्यम से खुले और गुप्त दोनों तरीकों से पर्ची काटी जा रही है। इसके अलावा पुराने सटोरिये मोबाइल फोन, व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए भी अपना नेटवर्क चला रहे हैं।

### शहर से बाहर भी फैलाव

पहले यह गतिविधि सीमित इलाकों तक थी लेकिन अब आसपास के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका विस्तार हो चुका है। छोटे एजेंट गांव-गांव घूमकर दांव लगवा रहे हैं। डिजिटल माध्यम ने इस नेटवर्क को और मजबूत बना दिया है,ल जिससे पकड़ बनाना मुश्किल होता जा रहा है।

### जीरो से नौ तक का खेल और लालच

यह सट्टा पूरी तरह अंकों पर आधारित है,ल जिसमें जीरो से नौ तक के नंबरों पर दांव लगाया जाता है। एक नंबर खुलते ही बाकी सभी की रकम डूब जाती है। दस रुपये के बदले अस्सी रुपये मिलने जैसे लालच देकर युवाओं को आकर्षित किया जाता है। लेकिन वास्तविकता में जीतने वालों की संख्या बेहद कम होती है और हारने वालों की सूची लंबी। यही वजह है कि कई युवक कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं।

### सामाजिक असर और चिंता

सट्टे की लत ने कई परिवारों में तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। अभिभावकों का कहना है कि युवा पढ़ाई और रोजगार से भटक रहे हैं। कुछ मामलों में मानसिक दबाव और अवसाद की स्थिति भी सामने आई है। सामाजिक संगठनों ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की है।

### कार्रवाई की मांग हुई तेज

हालांकि समय-समय पर पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई की खबरें आती रही हैं लेकिन लोगों का मानना है कि बड़े स्तर पर चल रहे नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाया है। यदि जल्द सख्ती नहीं की गई तो यह अवैध कारोबार शहर के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को और कमजोर कर सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से व्यापक जांच और कठोर कदम उठाने की अपील की है।

# आखेटपुर में दीवार गिरने से किसान की दर्दनाक मौत



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत आखेटपुर गांव में मंगलवार को 53 वर्षीय किसान की दीवार गिरने से मौत हो गई। बात गया है कि किसान अयोध्या कोल उम्र 53 वर्ष घर के पास पुराने सार की दीवार में मवेशी बांध रहे थे। अचानक दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के समय अयोध्या कोल मवेशियों को जंगल से लेकर लौट रहे थे। घर लौटकर उन्होंने एक मवेशी को दीवार में लगे लोहे के सहारे बांधा। इसी दौरान मवेशी ने जोर से झटका दिया और दीवार कमजोर होने के कारण गिर गई। परिवार और ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और मलबा हटाया लेकिन तब तक किसान की जान जा चुकी थी। ब्यौहारी थाना प्रभारी जिया उल हक और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी। शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की ओर से मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक परिवार को आर्थिक और सामाजिक सहायता देने की मांग की है।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त हुए आवेदनों का किया गया निराकरण

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया गया है। अभियान का प्रथम चरण में 12 जनवरी से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत अभी तक जिले में 18204 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनपद पंचायत ब्यौहारी में 1483 आवेदन, जयसिंहनगर जनपद में 3881 आवेदन, गोहपारू जनपद पंचायत में 1607 आवेदन, बुढ़ार जनपद पंचायत में 1510 आवेदन, सोहागपुर जनपद पंचायत में 2693 आवेदन, ब्यौहारी नगर परिषद में 1127 आवेदन, धनपुरी नगरपालिका में 2031 आवेदन, खांड़ नगर परिषद में 182 आवेदन तथा बकहो नगर परिषद में 859 आवेदन, बुढ़ार नगर परिषद में 170 आवेदन, शहडोल नगर पालिका में 2566, जयसिंहनगर नगर परिषद में 95 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आपने अभियान के संचालन हेतु गठित दलों का भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित कर प्रभावी रूप से घर-घर संपर्क कर आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं तथा संबंधित निकायों के अधिकारियों को दैनिक रूप से मानीटरिंग करने को कहा।

# काफिले के विरोध में प्रदर्शन बना विवाद का कारण, छात्र की परीक्षा छूटी

## नाबालिग समेत तीन की गिरफ्तारी पर सियासी घमासान, कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

धनपुरी में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के बाद की गई पुलिस कार्रवाई अब राजनीतिक मुद्दा बन गई है। प्रदर्शन के दौरान काला झंडा दिखाने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग छात्र सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। रिहाई में देरी के चलते छात्र अपनी 12वीं की अंग्रेजी बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया।पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों को गिरफ्तार किया था। नाबालिग को लगभग तीन दिन बाद सुबह रिहा किया गया लेकिन तब तक परीक्षा का समय निकल चुका था। परिजनों का कहना है कि उन्होंने प्रशासन से परीक्षा का हवाला देकर समय पर रिहाई की मांग की थीपर सुनवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में कुल 40 लोगों पर कार्रवाई की गई थी। अधिकांश को जमानत मिल गई जबकि तीन लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। बुधवार को शेष दो आरोपियों की भी रिहाई हो गई। रिहाई के समय बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता जेल परिसर पहुंचे।कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्ण विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं के साथ सख्ती बरती गई और लाठीचार्ज किया गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह कार्रवाई राजनीतिक भावना से प्रेरित है। मामले को लेकर जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन भी किया गया। कांग्रेस ने घोषणा की है कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जल्द ही जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है लेकिन घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

# एनआरसी केंद्रों में कुपोषित बच्चों का उपचार निरंतर जारी

**शहडोल।** जिले के पोषण पुनर्वास केंद्रों एनआरसी में कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों का उपचार और देखभाल सुचारू रूप से जारी है। एनआरसी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा, संतुलित आहार और नियमित निगरानी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही संसाधनों का उचित प्रबंधन और केंद्रों के बीच समन्वय पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में कुल 70 बिस्तरों वाले एनआरसी केंद्रों में वर्तमान में 51 बच्चों को भर्ती कर उनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

# गोपाल चौराहा पर दिनदहाड़े चोरी, पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



धनपुरी थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि फरीयादी नरेश कुमार वर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे स्टेट बैंक, धनपुरी शाखा से 30 हजार रुपए नकद निकालकर घर जा रहे थे। गोपलपुर चौराहा पर अपने मामा शंकर वर्मा के घर के सामने वे बातचीत कर रहे थे तभी दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर आए और उनके झोले को चोरी कर फरार हो गए, जिसमें नकद राशि, पासबुक और चेकबुक रखी हुई थी। थाना प्रभारी धनपुरी के द्वार विशेष पुलिस टीम गठित की गई। सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्ध मोटरसाइकिल की पहचान की गई और वाहन चालक ओमप्रकाश रावत निवासी कॉलेज कॉलोनी बढ़ार तक पहुँचकर उसके साथी मोनू सिंह गोंड निवासी चाका बाना अमलाई के साथ घटना में शामिल होने की पुष्टि हुई। जांच में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीस हजार रुपए नकद, 1 मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। एसडीओपी धनपुरी विकास पांडेय के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी खेम सिंह पेन्द्रों, सहायक पुलिसकर्मी भूपेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामनाथ, दीनश सिंह, शैलेन्द्र सिंह और आरक्षक अजय सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध रेत परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो वाहन जब्त


शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in




जिले में अवैध उखनन और रेत परिवहन के खिलाफ पुलिस ने दो कार्रवाई की और दो वाहन एवं लोड रेत जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि थाना देवलोंद क्षेत्र अंतर्गत सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने झिरिया मौहार के पास लाल रंग की बिना नंबर की मैसी फर्गुसन ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की। चालक ददोल बैस पुत्र मंगलदीन बैस निवासी झिरिया कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोड रेत को जब्त किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत चार लाख तिरासी हजार पांच सौ रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही थाना जयिसंहनगर क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने सेरीमार नाला से एक पावर ट्रैक्टर रेत लोड कर चितंराव की ओर जा रहा है। पुलिस ने वाहन को रोककर चालक सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. नंदकुमार श्रीवास्तव निवासी चितंराव से पूछताछ की। चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोड रेत को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया। कुल अनुमानित कीमत तीन लाख तीन हजार रुपए आंकी गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने बीएनएस एवं खान एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया। इस कार्रवाई में दोनों थाने की पुलिस टीमों की सराहनीय भूमिका निभाई।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



जिले की ब्यौहारी थाना की पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि फरीयादी ने थाने में आकर बताया कि उनकी नाबालिग बेटी को को गोदावल मेला से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी साधनों और मुखबिरों की मदद से नाबालिग बालिका की तलाश की। तलाश के दौरान बालिका को राजकोट गुजरात से सुरक्षित बरामद किया। बालिका से पूछताछ और जांच के आधार पर धारा 127(4), 96, 64(1), 65(1) बी.एन.एस. का इजाफा किया गया।इसके बाद पुलिस ने आरोपी पप्पू कोल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बराछ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक के नेतृत्व में उनि मोहन पाडवार, उनि बालकरण प्रजापति, आरक्षक महेन्द्रपाल शुक्ला, आरक्षक नरेश सिंह, मआर ललिता पटेल और मआर माधुरी साहू की सराहनीय भूमिका रही।

## दो चरणों में होगी जनगणना , प्रथम चरण 1 मई से शुरू

# जनगणना तैयारी तेज, ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा भी उपलब्ध

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। जनगणना अधिकारी गिरीश शुक्ला ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित होगी। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक होगा जिसमें मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। इसके लिए स्वगणना का विकल्प 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगा। मकान सूचीकरण में शासन द्वारा अधिसूचित 33 सवाल पूछे जाएंगे। दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें जनसंख्या की गणना की जाएगी। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति के बारे में आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक गतिविधि, प्रवास और प्रजननता जैसी जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़े एप्लिकेशन के माध्यम से संकलित किए जाएंगे और सेन्सस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। निवासियों को अपना डेटा स्वयं ऑनलाइन भरने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संकलित जानकारी पूर्णतः गोपनीय होगी और इसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकेगा। जनगणना में काम करने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण और मानदेय प्रदान किया जाएगा। डिजिटल टूल्स में मकान सूचीकरण ऐप, जनगणना ऐप, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब मैप ऐप और मॉनिटरिंग पोर्टल शामिल हैं। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डीआईओ मधुकर सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी अमरनाथ सिंह, जिला योजना अधिकारी अहिरवार, सहायक परियोजना अधिकारी डूडा मीनाक्षी शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



जिले के जयसिंहनगर थाना की पुलिस ने लगातार जांच और तत्परता के साथ अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस ने बताया कि फरीयादी ने थाने में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 17 वर्ष 1 माह की बेटी घर से बिना बताए चली गई है। परिजनों की लगातार तलाश के बावजूद बालिका का कोई पता नहीं चल सका। फरीयादी ने आशंका जताई कि बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत पर थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी साधनों और मानवीय मदद के आधार पर लगातार पतासाजी की। पुलिस ने अपहृत बालिका को जयसिंहनगर से सुरक्षित दस्तय5 किया। किशोरी को सुरक्षित परिवार के पास सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में उनि जीवन सिंह टेकाम, आर उदयभान सिंह, आर सुमित गुर्जर और मआर खशुबू लोधी की इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका रही।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 12 फरवरी 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# यूजीसी विनियम लागू करने और जाति प्रमाण पत्रों की जांच की मांग

## युवा आदिवासी विकास संगठन ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- गैर आदिवासियों को जारी जाति प्रमाण पत्रों की जांच की मांग
- रानी दुर्गावती प्रांगण में बैठक, कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

**यूजीसी** विनियम 2026 को शीघ्र लागू करने और मुलताई-आमला क्षेत्र में जारी गोंड/गायकी जाति प्रमाण पत्रों की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर युवा आदिवासी विकास संगठन ने जोरदार आवाज उठाई।

युवा आदिवासी विकास संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह इवने और संरक्षक रामचरण इरपाचे के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संगठन ने आदिवासी हितों की सुरक्षा और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की। डॉ. प्रदीप उइके और जनपद उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह परते ने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा व भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना संगठन की प्राथमिकता है, इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।



### नई कार्यकारिणी गठित

संगठन की नई कार्यकारिणी में तुलसी उइके को बैतूल ब्लॉक अध्यक्ष, रामशंकर पंद्राम को भीमपुर ब्लॉक अध्यक्ष, अमरचंद मर्सकोले को आमला ब्लॉक अध्यक्ष, सुभाष उइके को शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष, सुनील कवड़े बैतूल को जिला महासचिव व सुनील कवड़े गुड़ी को जिला संगठन मंत्री, कमलेश मर्सकोले को जिला उपाध्यक्ष, उमेश परते को बैतूल ब्लॉक उपाध्यक्ष तथा आशीष उइके को बैतूल ब्लॉक महासचिव नियुक्त किया गया।

इससे पूर्व रानी दुर्गावती प्रांगण ऑडिटोरियम बैतूल में संगठन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

बैठक के बाद संगठन प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में 15 जनवरी को जारी यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम 2026 को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। संगठन ने बताया कि इन विनियमों का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान अथवा दिव्यांगता के आधार पर विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाओं तथा दिव्यांगजनों के विरुद्ध भेदभाव का उन्मूलन करना है। 29 जनवरी 2026 को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाए गए स्थगन के बाद भी प्रभावी और जवाबदेह क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई गई।

संगठन ने एमपीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में देरी, कम पद, कथित घोटालों और अपारदर्शिता पर चिंता जताते हुए वर्ष 2026 की भर्ती में 700 से अधिक पद बढ़ाने, पेपर लीक कानून लागू करने, समयबद्ध परीक्षा कराने, वर्ष 2019 से लंबित सभी भर्तियां पूर्ण करने तथा मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिका दिखाने की मांग रखी।

### गैर आदिवासियों को जनजाति अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप

इसके अलावा बैतूल जिले के मुलताई एवं आमला में गैर आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति अंतर्गत गोंड/गायकी के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने का आरोप लगाते हुए सभी प्रमाण पत्रों की जांच कर निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रकरण क्रमांक 4418/बी-121, जाति प्रमाण पत्र क्रमांक आर.एस./447/0104/19770/2025 धर्मेन्द्र खण्डाये पुत्र भन्नुलाल खण्डाग्रे, कमला खण्डाग्रे के नाम से जारी प्रमाण पत्र का उल्लेख कर इसे अवैध बताया गया।

बैठक में संगठन संस्थापक प्रदीप उइके, दिलीप धुर्वे, ज्ञान सिंह परते, राजकुमार उइके, जयचंद सरियाम, अविनाश धुर्वे, कानूलाल उइके, भारत कुमरे, रामकुमार कुमरे, सानू कवड़े, राहुल कासदे, रामदास उइके, सोनू धुर्वे, निमिष सरियाम, हेमराज, धनराज जावरकर, वासुदेव परते, लोकेश भलावी, छोटेलाल परते, अंकित कुमरे, मुकेश मर्सकोले, मनोज कुमरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कोल माइंस सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक आज

- जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर रणनीति पर होगा मंथन
- ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ हुई जूम मीटिंग पर होगी चर्चा

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

**कोल** माइंस सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ एचएमएस की मासिक बैठक 12 फरवरी को सुबह 11 बजे से शहीद भवन में आयोजित की गई है। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक चर्चा एवं निर्णय लिए जाएंगे।

बैठक में 5 फरवरी को ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ आयोजित जूम मीटिंग में हुई चर्चा पर विस्तार से विचार किया जाएगा। साथ ही 30 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में भागीदारी को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सभी कोल पेंशनर साथियों से अपील की गई है कि वे अपने हक और अधिकारों की लड़ाई के लिए इस अंतिम संघर्ष में शामिल हों।

संगठन ने यह भी अवगत कराया है कि सभी ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को हड़ताल का नोटिस जारी किया गया है, जिस विषय पर भी बैठक में गहन चर्चा की जाएगी। इसके अलावा धरना के संबंध में सरकार को इंटीमेशन दिए जाने पर कोल सचिवालय की अतिरिक्त सचिव श्रीमती रूपेंद्र बरार का प्राप्त पत्र भी विचार-विमर्श का प्रमुख विषय रहेगा।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित

सारनी, राष्ट्रबाण। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने बैतूल जिला इकाई की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है. प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन और कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी मे जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला महासचिव गुणवंत बबलू चड्ढा (आमला)जिला कोषाध्यक्ष शंकर राव चढोकर (चिचोली) जिला उपाध्यक्ष : विलास चौधरी (सारनी), विनोद पतारिया (घोड़ाडोंगरी), कालीदास चौरासे (पाथाखेड़ा), संतोष लिखितकर (चिचोली), मनीष चिंटू खन्ना (मुलताई), सचिन शुक्ला (शाहपुर), राजेन्द्र दुबे (चिचोली), छबिनाथ भारद्वाज (सारनी) और कमलेश जावलकर (बैतूल),विजय रघुवंशी (बगडोना)जिला सचिव संजय सोनी (आठनेर), राकेश सोनी (सारनी), भीम बहादुर थापा (सारनी), जितेन्द्र शर्मा (आमला), प्रतिवर्धन चतुर्वेदी (घोड़ाडोंगरी), आदि नियुक्त किए गए।

# समर्पण दिवस के रुप में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि




राष्ट्रबाण सारणी | संवाददाता rashtrabaan.in

**भारतीय** जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कि पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल कार्यालय सारनी में मंडल प्रभारी राजेश आहुजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन हम सब कार्यकर्ताओं हेतु प्रेरणाश्रोत है,उन्होंने हमें एकात्म मानवतावाद के सिद्धांत पर चलते हुए समाज में आदर्श स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया है, उनके बताए आदर्शों पर चलकर ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी और अनुशासित पार्टी के रुप में एक वटवृक्ष के रुप में समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका का निर्वाह कर रही है,उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी के स्वप्न को साकार करते हुए आज हमारी विभिन्न सरकारें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान को लेकर ही अपनी योजनाएं क्रियान्वित कर रही है, उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को हम सब पंडित जी कि पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रुप में मनाते आए है,इसलिए पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ता स्वेच्छानुसार अपनी समर्पण निधी पार्टी हेतु भेट कर सकते है।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वरिष्ठ भाजपा नेता पी जे शर्मा, पार्षद योगेश बरडे, गोलू राजपूत समेत कार्यकर्ताओं ने समर्पण निधी भेट की। मंडल अध्यक्ष गोलु राजपूत ने मंडल प्रभारी राजेश आहुजा को आश्वस्त किया कि भाजपा मंडल सारनी अपेक्षित समर्पण निधी का आवश्यक रुप से संग्रहीकरण करेगा, कार्यकर्ताओं को नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जीपी सिंह भीम बहादुर थापा रूपेंद्र चौहान विनय मदने विज्जू वानखेडे मनीष धोटे रूपलाल बेलवंशी बबलू नर्रे नोखेलाल गोहे दिनेश यादव विलाश चौधरी विन्नी रॉय मनोहर विश्वकर्मा राजू देशमुख मुकेश उपराले हेमंत साहू राजकुमार नागले राजू साहू राजेश पाल कृष्णकांत आर्य सुनील मोखड़े सुनील पाटिल मंजीत सिंह रमेश खवसे दिनेश साबले हेमराज नागले गणेश महस्की मुकेश यादव मिथुन दास अमर सिंह राणा रमेश यादव सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे,

## विनोबा नगर में 13 फरवरी से सात दिवसीय योग शिविर

**बैतूल।** शहर के 33 वार्डों में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा योग प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत पहला निःशुल्क योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर 2 फरवरी से प्रागा होम्स कॉलोनी, ग्रीन सिटी विवेकानंद वार्ड में प्रारंभ किया गया। 8 फरवरी को आरती वंदना के साथ यहां नियमित निःशुल्क योगशाला का संचालन शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में द्वितीय निःशुल्क योग कक्षा शिव मंदिर, विनोबा नगर प्रांगण में 13 फरवरी से 20 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# क्रिकेट में ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे तेजस सोनारे

## शिवपुरी टीम और ग्वालियर संभाग में बनाई जगह

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in





**जिले** के प्रतिभावान छात्र शिखर उर्फ तेजस सोनारे ने क्रिकेट जगत में अपनी मेहनत, लगन से उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। तेजस सोनारे ने पहले शिवपुरी जिला क्रिकेट ट्रायल में क्वालीफाई कर जिला शिवपुरी की क्रिकेट टीम में स्थान बनाया, इसके बाद खेलो एमपी यूथ गेम में ग्वालियर संभाग की टीम में चयनित होकर बैतूल और अपने परिवार का मान बढ़ाया।

16 वर्षीय तेजस सोनारे ने पढ़ाई के साथ क्रिकेट को पूरा समय देते हुए निरंतर अभ्यास किया। उन्होंने शिवपुरी जिले की यूनिक क्रिकेट अकादमी में कोच हेमंत झा के सानिध्य में प्रशिक्षण शुरू किया और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे। इस सफलता में उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा।

तेजस सोनारे के पिता डॉ. मनोज सोनारे, निवासी ग्राम राठीपुर जटाशंकर ने बताया कि उन्होंने बेटे को आठ वर्ष की आयु से ही नियमित कोचिंग दिलाना शुरू किया और स्वयं सुबह-शाम ग्राउंड ले जाकर अभ्यास कराया। दादाजी शिवरतन सोनारे की प्रेरणा से परिवार में आगे बढ़ने की परंपरा रही है। डॉ. मनोज सोनारे का कहना है कि अभिभावकों को बच्चों की रुचि पहचानकर उन्हें पूरा सहयोग देना चाहिए। तेजस सोनारे का सपना क्रिकेट में ऊंचाइयों तक पहुंचकर जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करना है।

# नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष भारती का हुआ स्वागत



राष्ट्रबाण सारणी | संवाददाता rashtrabaan.in

**नव** नियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती का जगह जगह पर कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया है. ब्लाक अध्यक्ष पद पर बटेश्वर भारती की घोषणा होने के बाद कांग्रेसीयो मे खुशी का माहौल है.

ब्लाक अध्यक्ष बनने के बाद बटेश्वर भारती ने बाबा मठादेव बाबा मंदिर पंहुच कर बाबा की चौखट पर माथा ठेका और बाबा से आशीर्वाद लेने के सारनी पंहुचने पर कांग्रेसी नेताओं ने जगह जगह पर स्वागत किया. नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष श्री भारती ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष का आभार माना है. नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने कहा की सभी कांग्रेस जनो को साथ लेकर संगठन को सक्रिय किया जायेगा. उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष पद पर काम किया है. ब्लाक अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ जनो की सलाह से काम किया जायेगा

वन मंडल अधिकारी अरिहंत कोचर के निर्देशन में मारा छापा, अवैध सागौन चिरान बरामद

# अवैध सागौन चिरान के साथ फर्नीचर निर्माण का भंडाफोड़

## सिमोरी खेड़ी में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई,

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in



**वन** मंडल अधिकारी दक्षिण बैतूल अरिहंत कोचर के निर्देशन में वन माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए ताप्ती रेंज अंतर्गत सिमोरी खेड़ी वृत्त में अवैध सागौन लकड़ी जप्त की गई। घर में अवैध रूप से फर्नीचर निर्माण का कार्य किए जाने की सूचना पर विभागीय टीम ने दबिश देकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

रेंज ऑफिसर ताप्ती दयानन्द डेहरिया ने ताप्ती रेंज के स्टॉफ के साथ 10 फरवरी को सिमोरी खेड़ी वृत्त में कार्रवाई की। मौके पर अवैध रूप से फर्नीचर निर्माण का कार्य किया जा रहा था। टीम ने तत्काल मौके से सागौन लकड़ी जप्त कर विधिवत कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान फूलेसिंह बल्द पंचम कुमरे के घर से अवैध सागौन चिरान 10 नग, कुल 0.081 घन मीटर जप्त की गई। जप्त की गई लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 7 हजार 500 रुपए बताया गया है।

### - इन धाराओं में दर्ज हुआ प्रकरण

आरोपी के विरुद्ध पीओआर क्रमांक 888/91 दर्ज किया गया है। प्रकरण भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)क तथा मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनिमय अधिनियम 1969 की धारा 5(1) के अंतर्गत कायम किया गया है। इस कार्रवाई में ओंकारनाथ मालवीय परिक्षेत्र सहायक, अनीता सलामे, कामुलाल इवने, कृष्ण कुमार डांडोलिया, विश्वनाथ कारे, मंगल तथा रामजी शामिल रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन अपराधों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लोकतंत्र की दुहाई देने वाले जनता की आवाज दबा रहे : विजय पारधी

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in



**आमला-सारणी** लादी सड़क मार्ग की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पारधी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से सीधे सवाल उठाते हुए कहा है कि क्या आमला और सारणी जैसे दो बड़े शहरों को सड़क मार्ग से जोड़ने की मांग जनहित का मुद्दा नहीं है? उन्होंने कहा कि जनता की बुनियादी सुविधाओं की मांग को राजनीतिक चश्मे से देखना दुर्भाग्यपूर्ण है।

विजय पारधी ने कहा कि जब-जब जनता अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाती है, तब उसे दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है, लेकिन समाधान के बजाय आंदोलनकारियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करने वाले यदि जनहित की आवाज को ही सवालों के घेरे में खड़ा करेंगे तो यह दोहरा मापदंड माना जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका कर्तव्य है कि वे जनता की मांग के साथ खड़े रहें। विजय पारधी ने कहा कि जनहित के मुद्दे उठाना यदि किसी को असहज करता है तो यह राजनीतिक सोच का विषय है, लेकिन कांग्रेस जनता की आवाज उठाती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्य की कर्नाटक सरकार द्वारा की गई गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया था।

# गोदाम भरे, मशीन बंद: सर्वर फेल होने से बालाघाट में राशन व्यवस्था ठप्प

## न हितग्राही दोषी, न सेल्समैन ; भोपाल स्तर के सिस्टम पर उठे सवाल

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के लालबर्रा जनपद सहित ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली एक गंभीर संकट से गुजर रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राशन सोसायटी में अनाज भरपूर मात्रा में उपलब्ध है, इसके बावजूद हजारों हितग्राही राशन से वंचित हैं। वजह साफ है। ई-पॉस मशीनों से जुड़ा सर्वर सिस्टम पूरी तरह फेल। ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़ाना यही हालात हैं। सुबह से महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर राशन दुकान के बाहर कतार में खड़े रहते हैं, लेकिन मशीन सर्वर से कनेक्ट नहीं हो पाती। अंगूठा लगना तो दूर, एंट्री तक नहीं हो पाती और शाम होते-होते लोग खाली हाथ और निराश लौटने को मजबूर हैं। सेल्समैन बेबस, जनता आक्रोश में इस संकट में सबसे ज्यादा दबाव सोसायटी में कार्यरत सेल्समैन पर पड़ रहा है। राशन गोदाम में रखा है, वितरण की पूरी तैयारी है, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम बंद होने से नियमों के तहत वितरण असंभव हो गया है।





सवाल सीधा है, जब मशीन ही नहीं चलेगी, तो सेल्समैन क्या करे? भोपाल स्तर पर अटका मामला मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, जहां से जानकारी दी गई कि यह तकनीकी समस्या भोपाल स्तर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सर्वर से जुड़ी हुई है।अधिकारियों का कहना है कि समस्या के निराकरण के प्रयास जारी हैं, लेकिन तब तक ग्रामीण जनता रोज़ इस सिस्टम फेल्योर की कीमत चुका रही है। यह लापरवाही नहीं, सिस्टम फेल्योर है इस पूरे मामले में यह साफ हो चुका है कि न हितग्राही की कोई गलती है न सेल्समैन की न ही राशन की कमी है पूरा संकट तकनीकी सिस्टम और सर्वर फेल्योर का परिणाम है। इसके बावजूद ज़मीनी स्तर पर जनता और कर्मचारियों को जवाबदेह ठहराया जाना सबसे बड़ा अन्याय है। किसानों ने मांग की तुरंत सर्वर चालू हो, वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए ग्रामीणों और सोसायटी प्रबंधन की एकजुट मांग है कि भोपाल स्तर से सर्वर को तत्काल सुचारु किया जाए समस्या के स्थायी समाधान तक ऑफलाइन या वैकल्पिक वितरण व्यवस्था लागू की जाए सेल्समैन को अनावश्यक दबाव और आरोपों से मुक्त किया जाए जब अनाज मौजूद है, दुकान खुली है, तो फिर गरीब का राशन मशीन की गलती से क्यों रुके। अब निगाहें प्रशासन और भोपाल स्तर की तकनीकी एजेंसियों पर टिकी हैं कि वे कब तक इस गंभीर संकट का समाधान कर ग्रामीण जनता को राहत देते हैं।




# अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दोनो आरोपी गिरफ्तार

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

थाना परसवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरंडिया के जंगल में घटित अंधे हत्याकांड का पुलिस द्वारा सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुरानी रंजिस के चलते दामाद और उसके साडू ने की 60 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या।

आरोपी लगातार भ्रामक जानकारियां देकर पुलिस एवं मृतक के परिजनों को गुमराह करता रहा। दिनांक 03.02.2026 को थाना परसवाड़ा मे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अरंडिया के जंगल क्षेत्र में एक वृद्ध व्यक्ति का शव दिखा हैं। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी परसवाड़ा, फोरेंसिक वैज्ञानिक अधिकारी, फिंगरप्रिंट टीम एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा एवं घटना स्थल निरीक्षण तथा प्रारंभिक पूछताछ उपरांत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। शव की पहचान कैलाश गिरी गोस्वामी उम्र 60 वर्ष निवासी नेवरगांव (नंगाटोला), थाना वारासिवनी के रूप में हुई। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सिर पर गंभीर चोट से उत्पन्न बाहरी रक्तस्राव के कारण होना पाया गया। प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पाए जाने पर थाना परसवाड़ा मे धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय बालाघाट आदित्य मिश्रा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अंधी हत्या के खुलासे एवं आरोपी के शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित करने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्श कांत शुक्ला (भापुसे) एवं एसडीओपी परसवाड़ा अरविंद शाह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परसवाड़ा निरीक्षक मदन इवने एवं थाना प्रभारी चांगोटोला उपनिरीक्षक शशांक राणा के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा उत्कृष्ट विवेचना कर हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं। विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास एक किलो मीटर के दायरे में सघन सर्चिंग की गई, आरोपी अशोक गिरी के गांव एवं घटना स्थल के आसपास के क्षेत्रों में गोपनीय रूप से जानकारी एकत्र की गई। पुलिस टीम द्वारा मृतक के परिजनों, रिश्तेदारों एवं आसपास के ग्रामीणों सहित कई साक्षियों से पूछताछ की गई। आवागमन मार्ग पर स्थित संभावित स्थानों के कई सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तथा तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि कैलाश गिरी गोस्वामी (मृतक) का अपने दामाद अशोक गिरी एवं उसके साडू भाई रूस्तम गिरी से पूर्व से पारिवारिक विवाद एवं रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने मृतक की हत्या की योजना बनाई। दिनांक 30.01.2026 की शाम आरोपियों ने मृतक को शराब पिलाने के बहाने अपनी मोटर साइकिल से ग्राम अरंडिया के जंगल क्षेत्र में ले गए, जहां सुनसान स्थान पर मृतक के सिर पर लकड़ी के डंडे से प्रहार कर तथा गला दबाकर उसकी हत्या की गई। हत्या उपरांत शव को घसीटते हुए जंगल में और अंदर ले जाकर फेक दिया। अज्ञात आरोपियों द्वारा सुनसान क्षेत्र में घटित होने के कारण प्रारंभिक विवेचना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रही । आरोपी अशोक गिरी द्वारा स्वयं ही मृतक की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई तथा वह विवेचना के दौरान पुलिस के साथ रहकर सहयोग का दिखावा करता रहा, तथा लगातार भ्रामक जानकारियां देकर पुलिस एवं मृतक के परिजनों को गुमराह करता रहा । गठित पुलिस टीम की सूक्ष्म विवेचना में मृतक के दामाद अशोक गिरी एवं उसके साडू भाई रूस्तम गिरी की भूमिका संदिग्ध पाई गई । दोनो को तलब कर गहन पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध स्वीकार किया। पूछताछ पर आरोपी अशोक गिरी ने बताया कि मृतक की हत्या करने के पश्चात मृतक का झोला और उसमे रखे सामान को अपने पिता की समाधि के पास ले जाकर जलाया । उसका कहना था कि पिता का बदला लिया। दोनो आरोपियों को दिनांक 08.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । गिरफ्तार आरोपी मे अशोक गिरी पिता स्व. सरजू गिरी गोस्वामी, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड नं 15, ग्राम डोंगरिया, थाना परसवाड़ा,जिला बालाघाट



दूसरा आरोपी रूस्तम गिरी पिता स्व. चैनगिरी गोस्वामी, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम समसवाडा, थाना चौरई, जिला छिंदवाड़ा।

पुलीस के द्वारा जब्त सामग्री मे एक मोटर साइकिल, आरोपी अशोक का मोबाइल, घटना के वक्त पहने कपड़े, डंडा, जलाए गए झोले की राख का अवशेष ।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी परसवाड़ा मदन इवने, थाना प्रभारी चांगोटोला शशांक राणा, उप निरीक्षक घुड़नलाल अहिरवार थाना परसवाड़ा, आरक्षक 1489 लक्ष्मण पटेल चांगोटोला, आरक्षक 704 भरत चांगोटोला, आरक्षक 1536 नितिन जोशी परसवाड़ा, आरक्षक 1394 रामगोपाल घोसी परसवाड़ा, आरक्षक 73 नितिन बिसेन परसवाड़ा, आरक्षक 491 उमेश, आरक्षक 500 राहुल, आरक्षक 1358 सुरेश पंद्रे, आरक्षक 494 गजेंद्र पटेल, देवेंद्र सिरसाम (विशेष सहयोगी दस्ता चांगोटोला) सायबर सेल आरक्षक बलिराम की उल्लेखनीय एवं सराहनीय भूमिका रही।

# जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## 16 से 30 अप्रैल तक पोर्टल पर ऑनलाइन जानकारी भरकर की जा सकेगी स्व-गणना

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार बालाघाट जिले में जनगणनाङ्क2027 की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में 11 फरवरी को जिला जनगणना समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री डी.पी. बर्मन द्वारा की गई। बैठक में समिति के सदस्य संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री सुभाषचन्द्र ठाकरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री मरावी तथा जनगणना निदेशालय द्वारा बालाघाट जिले के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी श्री रोहित पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान जनगणना के इतिहास और महत्व पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि भारत में पहली बार देशव्यापी जनगणना वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड मेयो के समय प्रारंभ की गई थी। हालांकि, यह पूरी तरह संगठित नहीं थी। भारत की पहली वैज्ञानिक और नियमित जनगणना वर्ष 1881 में संपन्न हुई, जिसके बाद से प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना नियमित रूप से कराई जा रही है। कोविड महामारी के कारण वर्ष 2021 में जनगणना संभव नहीं हो सकी थी। अब वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली जनगणना देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल ऐप और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डेटा एकत्र किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि बालाघाट जिले में कुल 12 तहसीलें, 06 नगरीय क्षेत्र एवं 1397 ग्राम शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की जनगणना के लिए संबंधित तहसीलदारों को और नगरीय क्षेत्रों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक ग्राम और प्रत्येक नगरीय वार्ड में कम से कम एक प्रगणक की नियुक्ति की जाएगी। जनगणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी दर्ज करेंगे। जनगणना के दौरान घर का प्रकार, उपलब्ध सुविधाएँ (जैसे बिजली, पानी आदि), परिवार के सदस्यों की संख्या, प्रत्येक सदस्य की आयु, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय, भाषा, धर्म, सामाजिक समूह/जाति आदि से संबंधित कुल 33 प्रकार की जानकारी संकलित की जाएगी। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए Self Enumeration पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की व्यवस्था की गई है। यह पोर्टल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सक्रिय रहेगा। इस अवधि में नागरिक स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। अधिक से अधिक लोगों द्वारा ऑनलाइन स्व-गणना किए जाने से प्रगणकों के कार्य में सुविधा होगी और जनगणना प्रक्रिया सुगम बनेगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें, सही-सही जानकारी प्रदान करें तथा 16 से 30 अप्रैल के बीच पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया में भाग लेकर इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# बिना चिकित्सकीय योग्यता के एलोपैथी इलाज करने वाले फर्जी चिकित्सक पर एफआईआर के निर्देश

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने किरनापुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ वर्ष चौबे को बिना किसी वैध चिकित्सकीय योग्यता के एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार करने के मामले में किरनापुर स्थित ÷क्रिष क्लीनिक÷ के संचालक अपूर्बो कुमार सरकार के विरुद्ध किरनापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। यह कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई आकस्मिक जांच के बाद की गई है। जिला चिकित्सालय बालाघाट की आरएमओ डॉ. सुषमा गोयल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव करवते तथा सहायक सांख्यिकी अधिकारी डॉ. श्रद्धा सिंह, संगणक मो. अक्रम मंसूरी एवं सहायक ग्रेड-03 हेमंत बोहरे के दल द्वारा 10 फरवरी 2026 को कावरे चौक किरनापुर स्थित क्रिष के लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि के लीनिक संचालक अपूर्बो कुमार सरकार ने वर्ष 2020 में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल से डिप्लोमा इन फार्मेसी की योग्यता प्राप्त की है। उन्होंने इंडियन काउंसिल ऑफ अल्टरनेट मेडिसिन पश्चिम बंगाल से 1994 में आर.एम.पी. (रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर) का पंजीयन कराया है, जो एलोपैथिक चिकित्सा के लिए मान्य नहीं है। उनके पास ÷मुस्कान फार्मेसी÷ के नाम से औषधि विक्रय का लाइसेंस तो उपलब्ध है, लेकिन यह केवल दवाओं की बिक्री के लिए है और चिकित्सा उपचार करने की अनुमति नहीं देता है। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक से बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां तथा माइनर एवं मेजर सर्जरी से संबंधित उपकरण भी बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही सीलबंद कर जब्त कर दिया गया है। दल द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि श्री अपूर्बो कुमार सरकार द्वारा बिना किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय अर्हता के एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार किया जा रहा था, जो मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 का उल्लंघन है तथा धारा 24 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जारी किए गए हैं।

# बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी पर उपभोक्ता आयोग का आदेश

**बालाघाट।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग बालाघाट ने 30 जनवरी 2026 को महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी, नागपुर को उपभोक्ता शिवपूजन मिश्रा (पुलिस निरीक्षक, लालबर्रा) को दो लाख रुपये से अधिक की बीमा क्षतिपूर्ति राशि, ब्याज एवं हर्जाना अदा करने के निर्देश दिए हैं। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक ने बताया कि शिवपूजन मिश्रा ने अपनी हुण्डाई कार क्रमांक एमपी-17-सीसी-2617 का बीमा बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी से कराया था, जिसकी अवधि 18 दिसंबर 2022 से 17 दिसंबर 2023 तक थी। इसके लिए उन्होंने 29,132 रुपये प्रीमियम जमा कर 5,71,786 रुपये की बीमित राशि ली थी। 12 अक्टूबर 2023 को रात्रि में लालबर्रा की ओर जाते समय अचानक सामने गाय आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना की सूचना उसी दिन बीमा कंपनी को दे दी गई। कंपनी के निर्देश पर वाहन की मरम्मत कराई गई तथा संबंधित दस्तावेज, रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस रिपोर्ट एवं 2,15,196 रुपये का मरम्मत बिल बीमा कंपनी को प्रस्तुत किया गया। इसके बावजूद बीमा कंपनी ने यह कहते हुए दावा 19 फरवरी 2024 को अस्वीकार कर दिया कि वाहन की क्षति घटना के विवरण से मेल नहीं खाती।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली प्रदीप पाण्ड्रे के परिवार की जिंदगी

# पक्के घर का सपना हुआ साकार

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के नगर परिषद बैहर वार्ड क्रमांक 07 के निवासी श्री प्रदीप पाण्ड्रे के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। कच्चे मकान में वर्षों तक कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले इस परिवार का आज पक्के घर का सपना साकार हो चुका है। श्री प्रदीप पाण्ड्रे अपने परिवार के मुखिया हैं और अपने बड़े पुत्र के साथ मिलकर निजी स्तर पर विद्युत फिटिंग का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण वे लंबे समय से कच्चे मकान में रह रहे थे। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकता था, दीवारें भीग जाती थीं और कभी भी गिरने का खतरा बना रहता था। हर बारिश उनके लिए चिंता और असुरक्षा लेकर आती थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) उनके जीवन में नई रोशनी बनकर आई। योजना के अंतर्गत श्री पाण्ड्रे को 2 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई, जो उन्हें तीन किश्तों में प्रदान की गई। इस राशि में अपनी थोड़ी सी जमा पूंजी जोड़कर उन्होंने कुछ ही महीनों में अपना पक्का और सुरक्षित मकान तैयार कर लिया। आज श्री पाण्ड्रे और उनका परिवार बिना किसी भय और चिंता के अपने नए घर में सुरक्षित जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वे भावुक होकर कहते हैं, ÷अब हमारे पास अपना पक्का घर है। बरसात या अन्य किसी खतरे की चिंता नहीं रहती। अपने परिवार के साथ सुरक्षित घर में रहना हमारे लिए किसी सपने के पूरा होने जैसा है।÷ श्री प्रदीप पाण्ड्रे ने अपने पूरे परिवार की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है।



# पीजी कॉलेज के लिए गौरव का क्षण, सात विद्यार्थियों का एमपीपीएससी में चयन

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि सात मेधावी विद्यार्थियों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खनि अधिकारी, सहायक भूवैज्ञानिक एवं खनि निरीक्षक परीक्षा में हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने जानकारी देते हुए बताया है कि चयनित विद्यार्थियों में छात्रा प्रगति सोनवाने ने द्वितीय रैंक प्राप्त करते हुए खनिज अधिकारी पद पर चयनित होकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही सहायक भूवैज्ञानिक पद पर छात्र गौरव वासनिक एवं छात्रा प्रगति सोनवाने का चयन हुआ है। वहीं खनि निरीक्षक पद पर छात्र रजत गौतम, छात्र शुभम बोपचे, छात्रा यामिनी उइके तथा छात्र देवेन्द्र सिंह ने सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए यह उल्लेखनीय है कि भूगर्भ-शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरविन्द पटले का भी खनि अधिकारी पद हेतु चयन हुआ है, जो विभाग के लिए दोहरी उपलब्धि का प्रतीक है। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे चयनित विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, निरंतर अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ-साथ विभाग के शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन, गहन विषयगत ज्ञान, शोधपरक दृष्टिकोण तथा परीक्षा-उन्मुख रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यार्थियों की यह सफलता न केवल भूगर्भ-शास्त्र विभाग बल्कि संपूर्ण महाविद्यालय और जिले के लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। महाविद्यालय द्वारा सभी नवनियुक्त खनिज अधिकारी, सहायक भूवैज्ञानिक एवं खनि निरीक्षकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भूगर्भ-शास्त्र विभाग के समस्त प्राध्यापकों के प्रयासों की सराहना की गई।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 12 फरवरी 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

# जिंदा अध्यक्ष को स्वर्ग पहुंचा दिया!

## विधायक की फेसबुक पोस्ट से सिवनी की राजनीति में हड़कंप

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**कहते** हैं कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले शब्दों को तौल लेना चाहिए, लेकिन सिवनी के केवलारी विधायक रजनीश हरबंस सिंह ठाकुर के फेसबुक हैंडल से एक ऐसी चूक हुई जिसने सबको हैरत में डाल दिया। विधायक ने अपनी ही पार्टी के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के साथ खड़े होकर फोटो खिंचवाई, लेकिन कैप्शन में उन्हें स्वर्गीय बता दिया।


Rajneesh Harvansh Singh
Yesterday at 9:33 PM
आज ग्राम चुटका में हमारे साथी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्व. श्री नरेश मरावी जी की माता जी के देवलोक गमन के पश्चात निवास पहुंचकर फूल माला अर्पित किया
▪ Added 5 media to this post.

### लोग सवाल पूछ रहे

- क्या विधायक को यह नहीं पता कि उनके बगल में खड़ा व्यक्ति जीवित है?
- या फिर कॉपी-पेस्ट के चक्कर में अपनों को ही विदा करने की जल्दी थी?

हालांकि, पोस्ट का भाव माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करना था, लेकिन शब्दों के गलत तालमेल ने जिला अध्यक्ष को ही परलोक सिधार दिया। अब सोशल मीडिया पर यह स्क्रीनशॉट जमकर तैर रहा है और लोग कह रहे हैं कि साहब, थोड़ा संभलकर! जिंदा को तो कम से कम रहने दीजिए।

मामला तब का है जब विधायक रजनीश सिंह ग्राम चुटका में शोक संवेदना व्यक्त करने जिला अध्यक्ष के निवास पहुंचे थे। वहां जिला अध्यक्ष नरेश मरावी भी उनके साथ मौके में मौजूद कड़े थे। लेकिन जब इस कार्यक्रम की फोटो फेसबुक पर अपलोड हुई, तो विधायक या उनकी सोशल मीडिया टीम ने अति-उत्साह में जिला अध्यक्ष नरेश मरावी के नाम के आगे स्व. (स्वर्गीय) जोड़ दिया।

वही पोस्ट का अजब-गजब कैप्शन था कि आज ग्राम चुटका में हमारे साथी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्व. नरेश मरावी जी की माता जी के देवलोक गमन के पश्चात फूल माला अर्पित किया। जिससे जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म बना हुआ है जैसे ही यह पोस्ट वायरल हुई, सिवनी की राजनीति में चटखारे लेने का दौर शुरू हो गया।

## युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार

**सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई. सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से राशि लॉन बारापत्थर सिवनी में दिनांक 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि आयोजित मेले में प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

# मड़ई घाटी में दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत

## ट्रक का अगला हिस्सा चकनाचूर; एक ड्राइवर घायल, अस्पताल में भर्ती



सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले के नेशनल हाईवे-44 पर मड़ई घाटी के पास बुधवार सुबह लगभग 9 बजे दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में भर्ती कराया गया है। घायल चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार, एक ट्रक लखनादौन से सिवनी की ओर आ रहा था, जबकि दूसरा ट्रक छपारा से लखनादौन की दिशा में जा रहा था। मड़ई घाटी के समीप पहुंचते ही दोनों वाहन किसी अज्ञात कारण से आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### राहगीरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया

घटना के तुरंत बाद, आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने छपारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के कारण नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया, जिससे जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, मड़ई घाटी का यह क्षेत्र काफी व्यस्त रहता है, जहां दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। घाटी क्षेत्र होने के कारण यहां वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि हादसे के समय अधिक वाहन या लोग मौजूद होते, तो दुर्घटना और भी गंभीर हो सकती थी।

# घर के सामने हुए हादसे में 9 वर्षीय मासूम की मौत

## परिवार में पसरा मातम

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

मामला कुरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचधार से है जहाँ एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ अपने घर के सामने खेल रहे 9 वर्षीय बालक की एक हादसे में जान चली गई। मृतक की पहचान सौरभ पोन्डे, पिता ज्ञानचंद पोन्डे के रूप में हुई है। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा दोपहर लगभग 3:30 बजे हुआ। सौरभ अपने घर के सामने खेल रहा था, तभी वह किसी अज्ञात वाहन या अनहोनी का शिकार हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए लेकर निकले, लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। बालक को शाम लगभग 5:45 बजे अस्पताल लाया गया था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मामला शून्य में दर्ज कर मर्ग कयाम किया है। मामले की जाँच शुरू कर दी गई है। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और दुख है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गाँव में शोक की लहर व्याप्त है।

# पेंच की मशहूर 'लंगड़ी बाघिन' का शिकार के साथ दीदार

## पर्यटकों ने देखा 17 साल की बाघिन का दुर्लभ नजारा; बनाया वीडियो

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में सफारी का आनंद ले रहे पर्यटकों को जंगल की वरिष्ठ बाघिन टी-20 अपने शिकार को मुंह में दबाए सड़क पार करती दिखी। बुधवार को कर्माझिरी रेंज के पर्यटन क्षेत्र में हुए इस दुर्लभ दीदार ने वन्यजीव प्रेमियों को रोमांचित कर दिया।



### वीडियो में दिखा बाघिन का दबदबा

पूरी घटना का पर्यटकों ने वीडियो बना लिया। उसमें दिखाई दे रहा है कि बाघिन घने जंगल से निकलती है और अपने शिकार को मजबूती से मुंह में दबाकर शांति के साथ पर्यटकों की जिप्सी के सामने से सड़क पार कर दूसरी ओर चली जाती है।

### 17 साल की उम्र में कर रही शिकार

बाघिन पी.एन. 20 की उम्र लगभग 17 वर्ष 7 माह हो चुकी है, जो बाघों की औसत आयु के लिहाज से काफी अधिक है। आगे के एक पंजे में समस्या होने के कारण यह बाघिन थोड़ा लंगड़ा कर चलती है, इसीलिए यह पर्यटकों के बीच 'लंगड़ी बाघिन' के नाम से बेहद लोकप्रिय है। शारीरिक चुनौती और अधिक उम्र के बावजूद इस बाघिन का शिकार करना और जंगल में सक्रिय रहना इसकी जीवटता को दर्शाता है।

### पेंच की जैव विविधता का प्रतीक

बता दें कि, पेंच टाइगर रिजर्व न केवल बाघों बल्कि चीतल, सांभर, नीलगाय, और सुस्त भालू जैसे जीवों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां मिलने वाली दूधराज और विभिन्न गिद्ध प्रजातियां इसकी जैव विविधता को और खास बनाती हैं। 'लंगड़ी बाघिन' का यह ताजा वीडियो एक बार फिर साबित करता है कि पेंच वन्यजीव प्रेमियों के लिए देश-विदेश में आकर्षण का केंद्र क्यों बना हुआ है।

# सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(झ) के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन संबंधी प्रावधानों पर द्वि-दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 10 एवं 11 फरवरी 2026 को सिवनी जिले में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति के शासकीय सदस्यगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (वन), विकासखण्ड अधिकारी तथा अशासकीय सदस्यगण एवं जनपद पंचायत सदस्य सम्मिलित हुए। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स श्री कमल किशोर आरमो, श्रीमती अनीता सिंगोतिया एवं श्री निखिल मिश्रा द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं वन अधिकार नियम 2008 (संशोधित नियम 2012) के प्रावधानों के अनुरूप सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण, प्रबंधन एवं मान्यता की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम स्तर पर दावे प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, अभिलेखीकरण, सीमांकन, अधिकार पत्र वितरण तथा संरक्षण एवं प्रबंधन योजना तैयार करने संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी समुदायों को उनके पारंपरिक वन संसाधनों पर वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करना तथा उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# नरवाई प्रबंधन पर ग्राम फरेदा में कृषक संगोष्ठी का आयोजन

## कृषि वैज्ञानिक, कृषि इंजीनियर एवं कृषि अधिकारी द्वारा बेहतर खेती हेतु नरवाई प्रबंधन पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नरवाई प्रबंधन एवं रबी फसलों में समसामयिक प्रबंधन विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम फरेदा में आयोजित किया गया । इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल ने माटी की बेहतर प्रबंधन, नरवाई जलाने से होने वाली समस्याएं जैसे मिट्टी की गुणवत्ता, सूक्ष्मजीवो की कमी, जैव विविधता का नुकसान एवं फसल उत्पादन में होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।कृषि अभियांत्रिकी विभाग की




उपसंचालक कृषि अभियांत्रिकी श्रीमती शायला नाज कुरैशी ने कृषि यंत्रों की विभिन्न योजनाओं के बारे में एवं हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, एस एम एस सिस्टम आदि के उपयोग एवं अनुदान की विस्तार से जानकारी किसानों को दी।कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि श्री पवन कौरव द्वारा उर्वरक प्राप्ति हेतु ई टोकन प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न लाभकारी किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई ।कृषि इंजीनियर श्री जे एस धुर्वे द्वारा नरवाई प्रबंधन के विभिन्न कृषि यंत्रों के व्यवहारिक उपयोग के विषय में बताया गया । कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ निखिल सिंह द्वारा रबी फसलों में समसामयिक प्रबंधन एवं नरवाई का बेहतर प्रबंधन कैसे करें, डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा फसलों का मूल्य संवर्धन एवं प्रोसेसिंग के विषय में जानकारी दी ।इंजीनियर कुमार सोनी ने बताया कि लागत कम करने, मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने एवं बेहतर उत्पादन हेतु खेती में नवीनतम कृषि यंत्रों का उपयोग जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीटर, मल्चर आदि का बेहतर उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कृषि इंजीनियर श्री जे एस धुर्वे द्वारा किया गया । साथ ही ग्राम फरेदा के प्रगतिशील किसान श्री भुजबल सिंह गहलोत एवं अन्य कृषकों द्वारा अपने अनुभव एवं खेती की जानकारी दी । किसानों द्वारा रबी की प्रमुख फैसले गेहूं, चने में आने वाली प्रमुख समस्याओं के विषय में वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त की।

# 14 फरवरी को आयोजित होगा कृषि विज्ञान मेला

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आत्मा योजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान मेले का आयोजना शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज ग्राउड सिवनी में शनिवार 14 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। उक्त मेले में कृषकों को प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री, ई-विकास प्रणालीएवं कृषक कल्याण वर्ष 2026 अन्तर्गत नवीनतम कृषि तकनीकि और आधुनिक कृषि यंत्रों से संबंधित जानकारी दी जायेगी। कृषि विज्ञान मेले में कृषि वैज्ञानिक परिचर्चा के माध्यम से कृषकों की खेती से संबंधित समस्याओं को त्वरित निराकरण किया जायेगा। मेले में जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार के माध्यम से आगन्तुको के लिये रसायन मुक्त उत्पाद क्रय करने हेतु उपलब्ध रहेगें। कृषि विज्ञान मेले में कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी स्टॉल के माध्यम से आगन्तुको को अपने विभाग से संबंधित तकनीकि जानकारी एवं मार्गदर्शन देगें। कृषि विज्ञान मेले में निजी उर्वरक, बीज एवं पौध सरंक्षण रसायन विक्रय करने वाली कंपनिया भी अपने स्टॉल के माध्यम से कृषकों को नवीन उन्नत किस्मों एवं उर्वरकों की जानकारी देगें। अतः कृषक भाईयो एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे उक्त कृषि विज्ञान मेले में पहुंचकर लाभ उठायें।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाएः कलेक्टर

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**कलेक्टर** श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




बैठक में एएनसी पंजीयन की स्थिति, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं उपचार, एनीमिया नियंत्रण तथा संस्थागत प्रसव की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग का अमला अनिवार्य रूप से गर्भवती महिलाओं के घर-घर संपर्क करे तथा महिलाओं एवं उनके परिवारजनों को सुरक्षित मातृत्व, समय पर जांच, पोषण आहार और टीकाकरण के संबंध में जागरूक करें।

इसके साथ ही टीबी उन्मूलन अभियान, सिकल सेल मरीजों के नियमित फॉलोअप तथा एनसीडी कार्यक्रम (डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप) की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मरीजों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को तय मेनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण नाश्ता एवं भोजन निर्धारित समय पर उपलब्ध कराने की नियमित मॉनिटरिंग करने, एनआरसी में दर्ज बच्चों की सतत निगरानी रखने तथा केंद्रों की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह, सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर, डीपीओ महिला बाल विकास श्री मनोज लारोकर सहित सभी बीएमओ एवं सीडीपीओ उपस्थित रहे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433